| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व अहलकार हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | 19/11/2025 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप. तहसीलदार बांदीकुई को तहरीर रिपोर्ट हेतु जारी होकर दिनांक 17/12/25 को पेश हो।<br>उपखण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई | |
| | 17/12/25<br>पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप.। तहसीलदार बांदीकुई को तहरीर रिपोर्ट हेतु जारी होकर दिनांक 21/01/2026 को पेश हो।<br>उप जिला मजिस्ट्रेट<br>बांदीकुई | |
| और, पत्रावली के संलग्न पटवारी एवं रिपोर्ट गिरदावर दि० 3/9/2025 अनुसार इन्द्राज दुरुस्त किया जाना उचित है<br>[signature] 21/01/2026<br>NTP Bandikui | 21/01/2026<br>पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। पैरोकार सरकार उप०। इस बाबत अदालत पर हस्ताक्षर ... टिप्पणी की कि पत्रावली में संलग्न पटवारी एवं रिपोर्ट गिरदावर दिनांक 03/09/2025 अनुसार इन्द्राज दुरुस्त किया जाना उचित पाया। हमने उभयपक्षकार बहस सुनी। बहस पर मनन किया। पत्रावली का अवलोकन किया। अतः उभयपक्षकार बहस पर मनन करने एवं प्रार्थना पत्र के अवलोकन के आधार पर प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 LRAct स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>[signature] 21/1/26<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) | |

न्यायालय उप जिल...
PH-01420-228487

प्रकरण संख्या :—152 / 2025
प्रकरण दायर दिनांकः— 28.10...
प्रकरण निर्णय दिनांकः—21.01...

1. विजयसिंह पुत्र भोमाराम ...
2. भागचन्द पुत्र भोमाराम ज...

1. राजस्थान सरकार जरि...

प्रार्थना ...

प्रार्थी द्वारा ...
आशय का पेश किया कि ...
का बास तहसील बांदीकु...
में स्थित है जिसके खात...
450, 451/623, 452, ...
जगह भौरया अंकित हो ...
करवाये जाने के आदेश ...
प्रार्थना पत्र ...
बडियाल कलां के पत्र ...
मौका पर्चा ग्राम मैडी क...
बास के राजस्व रिकॉ...
विजयसिंह पि. भौरया ...
पहचान पत्र, आधारकार्ड ...
है प्रार्थीगण के पिताजी ...
मीना अंकित है। उपस्थि...
बताया गया कि भोमा...
भोमाराम/भोमा/भोरया ...
के पिताजी का नाम ...
प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत ...
दस्तावेजात, प्राप्त जॉच ...
तहसील बांदीकुई जिल...
42 पुराना 41 तहसील...
नाम भौरया सहवन से ...
है। राजस्व जमाबंदी मे...

Scanned with OKEN Scanner

## न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH: 01420-228487

प्रकरण संख्या :—152 / 2025
प्रकरण दायर दिनांकः— 28.10.2025
प्रकरण निर्णय दिनांकः—21.01.2026

उनवान

1. विजयसिंह पुत्र भोमाराम जाति मीना निवासी मैडी का बास तहसील बांदीकुई जिला दौसा
2. भागचन्द पुत्र भोमाराम जाति मीना निवासी मैडी का बास तहसील बांदीकुई जिला दौसा

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर तहसीलदार तहसील बांदीकुई जिला दौसा

**<u>प्रार्थना पत्र नाम शुद्धि अन्तर्गत धारा 136 रा० लै० रे० एक्ट</u>**

**निर्णय दिनांक 21.01.2026**

प्रार्थी द्वारा विरूद्ध अप्रार्थी प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल. आर. एक्ट इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीगण विजयसिंह,भागचन्द पुत्रान भोमा जाति मीणा निवासी मैडी का बास तहसील बांदीकुई के रहने वाले है प्रार्थीगणों की खातेदारी भूमि ग्राम मैडी का बास में स्थित है जिसके खाता संख्या 42 व खसरा नंबर 310, 311, 312, 313 / 633, 314, 449, 450, 451 / 623, 452, 453, 454 है इस जमाबंदी में प्रार्थीगणों के पिता का नाम भोमा की जगह भौरया अंकित हो गया है । अतः जमाबंदी में अशुद्ध नाम भौरया की जगह भोमा नाम करवाये जाने के आदेश फरमाये जाने बाबत निवेदन किया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थना पत्र के साथ उपतहसीलदार (भू.अ.) बडियाल कलां के पत्र क्रमांक / भू.अ. / 2025 / 1444 दिनांक 11.09.2025 की रिपोर्ट मय मौका पर्चा ग्राम मैडी का बास दिनांक 03.09.2025 संलग्न है जिसके अनुसार ग्राम मैडी का बास के राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी संवत् 2073—76 के खाता संख्या 42 में भागचन्द, विजयसिंह पि. भौरया हि. 1 / 4 जाति मीना शेष खाता बदस्तूर दर्ज रिकॉर्ड है। प्रार्थीगण के पहचान पत्र, आधारकार्ड, राशनकार्ड में प्रार्थीगण के पिताजी का नाम भोमाराम / भोमा अंकित है प्रार्थीगण के पिताजी के पहचान पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र में भोमा / भोमाराम पुत्र सोन्याराम मीना अंकित है। उपस्थित लोगो व ग्रामवासियों से भोमाराम के नाम के बारे में पूछा गया तो बताया गया कि भोमाराम को भौरया के नाम से भी जाना जाता था उक्त ग्राम में भोमाराम / भोमा / भोरया पि. सोन्या नाम का अन्य कोई व्यक्ति नहीं बताया। अतः प्रार्थीगण के पिताजी का नाम राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में भोमाराम किया जाना उचित बताया। हमने प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थीगण की बहस सुनी। अतः पत्रावली में संलग्न दस्तावेजात, प्राप्त जॉच रिपोर्ट के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि ग्राम मैडी का बास तहसील बांदीकुई जिला दौसा की राजस्व जमाबंदी संवत् 2073—2076 खाता संख्या नया 42 पुराना 41 तहसील बांदीकुई जिला दौसा में प्रार्थीग्ण विजयसिंह, भागचन्द के पिता का नाम भौरया सहवन से दर्ज कर दिया गया जबकि प्रार्थीगण के पिता का सही नाम भोमाराम है। राजस्व जमाबंदी में उक्त त्रुटि सहवन से कारित होना प्रतीत होती है। उपरोक्त विवेचन

२५६—

से प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 136 राज0 लैण्ड रेवन्यु एक्ट स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण बहस पर मनन करने एवं पत्रावली के अवलोकन के आधार पर प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल. आर. एक्ट स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार बांदीकुई को आदेश दिये जाते है कि खाता संख्या 42 के खसरा नंबर 310, 311, 312, 313/633, 314, 449, 450, 451/623, 452, 453, 454 ग्राम मैडी का बास तहसील बांदीकुई जिला दौसा में प्रार्थीगण विजयसिंह, भागचन्द के पिता के सही नाम की तहसीलदार बांदीकुई स्वयं जॉच करें यदि प्रार्थीगण विजयसिंह भागचन्द के पिता का सही नाम भोमाराम हो तो रिकॉर्ड में शुद्ध कर विधिवत अमल दरामद करे। तहसीलदार बॉदीकुई को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। मेरे द्वारा निर्णय आज दिनांक 21.01.2026 को सुनाया जाकर एवं टंकित करवाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया।

21/1/26

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner